<u>परीक्षार्थियों के लिये महत्वपूर्ण निर्देश :-</u>

1. **<u>उपस्थिति व प्रवेश समय</u>** - प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र में दर्शित परीक्षा समय से 01.00 घण्टा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है। निर्धारित समय प्रारंभ होने के 10 मिनट पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र/कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।

2. **<u>प्रवेश पत्र व फोटो</u>** - अभ्यर्थी प्रवेश पत्र में निर्धारित समय व स्थान पर अपना नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं चस्पा कर **02 प्रतियों** में लाएगें तथा उस पर स्व-हस्ताक्षर करेंगे। बिना फोटो व हस्ताक्षर वाला प्रवेश पत्र अमान्य किया जाएगा।

3. **<u>मूल पहचान पत्र</u>** - पहचान सत्यापन हेतु निम्नलिखित में से कोई एक वैध मूल पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है। जैसे :- (1) आधार कार्ड, (2) मतदाता परिचय पत्र, (3) ड्राईविंग लासेंस, (4) पैन कार्ड, (5) पासपोर्ट अथवा (6) सक्षम शासकीय प्राधिकारी द्वारा जारी मूल फोटोयुक्त परिचय पत्र। (मूल पहचान पत्र के बिना प्रवेश निषेध होगा)।

4. **<u>अनुमति प्राप्त सामग्री</u>** - परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी केवल (1) नीले रंग का बॉलपॉईट पेन, (2) पारदर्शी पानी की बोतल, (3) प्रवेश पत्र एवं (4) मूल पहचान पत्र ही ला सकते हैं।

5. **<u>लिखित परीक्षा एवं उत्तर पुस्तिका निर्देश</u>** - उत्तर केवल निर्धारित प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिका में ही नीले बॉल पेन से (✔) ''सही'' का चिन्ह अंकित करेंगे। प्रश्न पत्र पर किसी भी प्रकार की ऊपरी लेखन (Over Writing) व अस्पष्टता की स्थिति में मान्य नहीं होगी ऐसी स्थिति में उस प्रश्न हेतु शून्य अंक प्रदाय किया जाएगा।

6. **<u>प्रतिबंधित सामग्री</u>** - मोबाईल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, ब्लुटुथ ईयरफोन, कागज या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक/संचार उपकरण परीक्षा कक्ष में लाना पूर्णत: प्रतिबंधित है।

7. जिन अभ्यर्थीयों को प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं होगें वे अपना प्रवेश पत्र कार्यालय, भर्ती समिति/प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज से परीक्षा के दो दिवस पूर्व तक उपस्थित होकर प्राप्त कर सकेगें।

8. जिन अभ्यर्थीयों द्वारा सहायक ग्रेड-3 एवं स्टेनोग्राफर ग्रेड-3 (अंग्रेजी) के दोनो पदों हेतु आवेदन किया गया है एवं उन्हें दोनों पदों हेतु पृथक-पृथक दो प्रवेश पत्र प्राप्त हुए हैं, ऐसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उन्हें केवल किसी एक ही परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना है। उन्हें दोनों प्रवेश पत्रों में दर्शाए गए पृथक-पृथक परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी, वह अपने प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका में उक्त दोनों पदों का अनुक्रमांक का उल्लेख करेंगे।

9. **<u>अनुशासन एवं समय सीमा -</u>** परीक्षा समाप्त होने के पूर्व किसी भी अभ्यर्थी को कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा में किसी भी प्रकार के अनुचित साधन (UFM) का प्रयोग करने पर अभ्यर्थिता तत्काल निरस्त कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा सकेगी।

<u>टीप</u> :- <u>परीक्षार्थियों के लिये प्रवेश पत्र एवं महत्वपूर्ण निर्देश जिला न्यायालय बलरामपुर स्थान रामानुजगंज के अधिकारिक वेबसाईट (https://balrampur.dcourts.gov.in) में प्रकाशित है।</u>

सही/-
(अध्यक्ष)
भर्ती समिति/
प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)